केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/आईपीएस/मूल्यांकन/2022-23 **07 जुलाई 2023**

स्कूल प्रमुख,
सीबीएसई से संबद्ध एवं
बोर्ड परीक्षा 2022-23 के मूल्यांकन केंद्रों के रूप में
नियत सभी स्कूल (सीएनएस/आईएचई)
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: बोर्ड परीक्षाओं 2022-23 हेतु थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदधारियों के भुगतान के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस)

महोदया/महोदय,

बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं 2022-23 के लिए थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदधारियों के भुगतान के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) को शुरू किया है। आईपीएस (सीएनएस/आईएचई) का विवरण नीचे दिया गया है:-

मुख्य नोडल पर्यवेक्षक (सीएनएस) के लिए

सीएनएस के लिए प्रणाली में निम्नलिखित मॉड्यूल है:-

क) मूल्यांकन दल लेखा विवरण जैसे सीएनएस, एचई, एएचई(ई), एएचई(सी), एएचई(एस), मूल्यांकनकर्ता और समन्वयक इत्यादि
ख) सीएनएस विवरण
ग) मुख्य परीक्षक विवरण
घ) मूल्यांकन दल ड्यूटी विवरण जैसे उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या एवं ड्यूटी दिवस
ङ) मूल्यांकन दल रिपोर्ट
च) फ्रीज़ रिपोर्ट
छ) अंतिम मूल्यांकन दल रिपोर्ट
ज) शिकायत
झ) निरस्त भुगतान विवरण अपडेट

स्वतंत्र मुख्य परीक्षक(आईएचई) के लिए

आईएचई के लिए प्रणाली में निम्नलिखित मॉड्यूल है:-

क) आईएचई और मूल्यांकन दल लेखा विवरण जैसे आईएचई, एएचई(ई), एएचई (सी), मूल्यांकनकर्ता और समन्वयक इत्यादि

ख) आईएचई मूल्यांकन विवरण

ग) आईएचई टीम मूल्यांकन ड्यूटी विवरण अर्थात उत्तर-पुस्तिकाओं की संख्या और ड्यूटी दिवस

घ) फ्रीज रिपोर्ट

ङ) अंतिम आईएचई मूल्यांकन रिपोर्ट

च) शिकायत

छ) अस्वीकृत भुगतान विवरण अद्यतन करना

इस प्रणाली की निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

1. मूल्यांकन कार्य के दौरान दैनिक स्तर पर टेट्रा वेब पोर्टल में आईएचई/सीएनएस विद्यालय द्वारा जमा विवरण के आधार पर प्रणाली द्वारा भुगतान की स्वत: गणना की जाएगी।

2. बोर्ड परीक्षा 2022-23 के लिए थ्योरी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के व्यक्तिगत खाते में भुगतान निर्गत किया जाएगा।

पिछले आईपीएस से अलग इस प्रणाली की के सर्वोत्तम उपयोग के लिए, निम्न चरण सुझाए जाते हैं:-

क) आईपीएस के प्रयोक्ता मैनुअल को पढ़े और ठीक से समझें।

ख) इसके आधार पर, मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिकाओं और कार्य किए गए दिवसों के आँकड़े एकत्र करें। आईपीएस में आँकड़े ध्यानपूर्वक भरें ताकि यह सुनिश्चित हो जाए कि भरे गए आँकड़े सही हैं।

ग) यह सुनिश्चित करें कि बैंकों के पूर्व में हुए विलय के अनुसार सभी आईएफएससी कोड सही हैं।

घ) एक बार जब बैंक द्वारा बोर्ड परीक्षा 2022-2023 के लिए थ्योरी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के खाते में भुगतान कर दिया जाता है, तो सीएनएस विद्यालय/आईएचई सफल और असफल भुगतानों के बारे में जानकारी एकत्र करेगा। अस्वीकृत और विफल भुगतानों के मामले में, सीएनएस विद्यालय/आईएचई संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क करेंगे और अपने खातों में लॉग इन करके आईपीएस में वांछित और दर्शाए गए डेटा को तुरंत अद्यतन करेंगे।

एक बार जब सीएनएस विद्यालय/आईएचई संतुष्ट हो जाते हैं और आँकड़े फ्रीज कर दिए जाते हैं, तो लागू दरें स्वत: भर जाएंगी। दरों का विवरण आईपीएस मॉड्यूल में ही उपलब्ध है। डेटा फ्रीज होने के बाद, सीबीएसई ऑटोमोटिव मोड में भुगतान निर्गत करना शुरू कर देगा।

प्रविष्टि और सम्पादन/सुधार की सुविधा केवल आईपीएस पोर्टल पर निम्नलिखित तिथियों/अनुसूची के अनुसार उपलब्ध रहेगी। दी गई तिथियों के बाद बोर्ड परीक्षा 2022-23 के लिए थ्योरी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के भुगतान के लिए आईपीएस प्रणाली बंद हो जाएगी।

आईपीएस प्रणाली का विवरण	प्रारंभ तिथि	तिथि जिस तक अंतिम रूप दिए जाने/ प्रस्तुति की अनुमति होगी	तिथि जिस तक सुधार की अनुमति होगी
बोर्ड परीक्षा 2022-23 के लिए थ्योरी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के भुगतान के लिए आईपीएस प्रणाली	08 जुलाई 2023	23 अगस्त 2023	30 अगस्त 2023

तिथियों/अनुसूची के अनुसार दावा किया जाना अनिवार्य है और उसके बाद कोई दावा स्वीकार नही किया जाएगा।

अत: सभी सीएनएस विद्यालय/ आईएचई को अनुरोध किया जाता है कि आईपीएस में डेटा प्रस्तुति और सुधार की गतिविधियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की जाए।

हस्ता./-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : वेब प्रबंधक को - सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।